दैनिक भास्कर बिलासपुर 21 फरवरी 1994

मैट्रिक्स के कण्ट्रोल पैनल का सीपीआरआई में सफल परीक्षा

बिलासपुर मध्यप्रदेश के औद्योगिक प्रक्षेत्र सिरगिट्टी की लघु उद्योग इकाई में मेट्रिक्स मोटर कंट्रोल के कंट्रोल पेनल का शार्ट सर्किट टेस्ट केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआई) भोपाल में 50 के.ए. के लिए सफलता पूर्वक किया गया उत्कृष्ट उत्पादन बनाने के लिए यह एक विशिष्ट उपलब्धि है। विदर्भ एवं छत्तीसगढ़ आंचल में 50 के.ए. शार्ट सर्किट लेवल का कंट्रोल पेनल बनाने वाली यह एक मात्र इकाई है इस इकाई को टाटा प्रेस ने अपने एक्सपोर्ट्स पेजेज में भी सम्मिलित किया है।

मेट्रिक्स मोटर कंट्रोल सन् 1983 से इलेक्ट्रीकल उपकरणों के उत्पादन में कार्यरत है, इसके उत्पादन हमेशा ही उच्च गुणवत्ता के लिए उपभोक्ताओं के लिए विश्वसनीय रहे है। फ्लेम प्रूफ व नॉन फ्लेम प्रूफ कंट्रोल पेनल, मोटर कंट्रोल सेंटर, पावर डिस्ट्रीब्यूशन बोर्ड, पावर कंट्रोलर सेंटर, ऑटोमेटिक पावर फेक्टर करेक्सन पेनल, मिमिक पेनल, कंट्रोल डेस्क, स्टार्टर पेनल, बस डक्ट इत्यादि का निर्माण उच्च गुणवत्ता मानको में किया जाता है। इनके बनाए हुए कंटोल पेनल रेमंड सीमेंट बिलासपुर, प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमि चांपा, जिंदल स्ट्रिप्स लिमि रायगढ़, वुलवर्क इंडिया रायपुर, टाटा आयरन एंड स्टील लिमि रायपुर, एल एण्ड टी सिमेंट रायपुर, नागपुर एलाय कास्टिंग लिमि रायपुर, डायमंड सीमेंट दमोह, लायड मेटल एंड इंजीनियर्स लिमि नागपुर इत्यादि संयंत्रो में अबाध गति से चल रहे है।